प्रेस-विज्ञप्ति

IIITDM जबलपुर एवं USTP फिलीपींस के मध्य हुए MoU और MoA पर हस्ताक्षर

23 सितंबर 2022: एक वर्चुअल समारोह मे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, अभिकल्पन एवं विनिर्माण, (आईआईआईटीडीएम) जबलपुर एवं यू.एस.टी.पी. फिलीपींस (USTP) के मध्य MoU एवं MoA पर हस्ताक्षर हुए|

यह शैक्षणिक समझौता दोनों देशों के बीच शैक्षणिक सहयोग एवं छात्रों के आदान-प्रदान बढ़ावा देगा| इस अवसर पर प्रो. प्रवीण एन कोंडेकर, निदेशक, आईआईआईटीडीएम जबलपुर ने अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सहयोग एक अनन्य साझेदारी का प्रतीक है और हमें विश्वास है कि, यह विभिन्न क्षेत्रों में पहल के साथ नवीन तालमेल पैदा करेगा और आने वाले वर्षों में दोनों देशो के लिए शैक्षणिक मूल्यों को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा |

यह समझौता शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र मे, दोनों संस्थानों के बीच संकाय सदस्यों और छात्रों के आदान-प्रदान की सुविधा भी प्रदान करेगा; साथ ही संयुक्त अनुसंधान गतिविधियां, प्रकाशन और संगोष्ठियों / कार्यशालाओं / सम्मेलनों का आयोजन; संयुक्त परामर्श परियोजना; आदि गतिविधियाँ को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा |

इसके अतिरिक्त सहयोग का मुख्य अभिप्राय, उभरते हुए इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों जैसे नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट डिजाइन, सेमी-कंडक्टर चिप डिजाइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग इत्यादि में काम करना है।

निदेशक ने इस अवसर पे फिलिपींस के पूर्व उच्च शिक्षा आयुक्त, श्री रोनाल्ड अदामत के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनसे डेनवर, यूएसए में NAFSA सम्मेलन जून 2022 (एसोसिएशन ऑफ़ इंटरनेशनल एजुकेटर्स) के दौरान एक आकस्मिक मुलाकात हुई थी| यह समझौता उसी आकस्मिक बैठक का सफल परिणाम है।

समझौता ज्ञापन पर -

- निदेशक आईआईआईटीडीएम जबलपुर, भारत - प्रो. प्रवीण एन कोंडेकर,
- यूएसटीपी सिस्टम के अध्यक्ष, फिलीपींस - डॉ. एम्ब्रोसियो कल्चुरा

द्वारा हस्ताक्षर किए गए |

यह समारोह श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एडसिल, भारत; श्री संदीप गोयल, मुख्य वित्तीय कार्यालय और प्रमुख-ओईएस एडसिल, भारत और डॉ. मार्क लिब्रे, उच्च शिक्षा आयुक्त (सीएचईडी), फिलीपींस और दोनों संस्थानों के कई प्रमुख अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ|